भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1036

09 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

चेन्नै मेट्रो रेल चरण ॥ के लिए भुगतान में देरी

1036 श्रीमती राजाथी :

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार को चेन्नै मेट्रो रेल चरण ॥ के लिए केंद्र के हिस्से के रूप में राज्य द्वारा अग्रिम रूप से दिए गए 9,500 करोड़ रुपए की राशि जारी करने के संबंध में तमिलनाडु सरकार से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;
(ख) राजकोषीय वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 के लिए संस्वीकृत पूर्ण राशि जारी करने में देरी के कारण क्या हैं; और
(ग) संपूर्ण चरण ॥ परियोजना के पूर्ण होने की समय-सीमा क्या है और पहले परिचालन खंड (पूनमल्ली से पोरूर) के उद्घाटन की अपेक्षित तिथि क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) चेन्नई मेट्रो चरण-II परियोजना को प्रारंभ में तमिलनाडु सरकार (जीओटीएन) द्वारा राज्य क्षेत्र की परियोजना के रूप में अनुमोदित किया गया था। बाद में, तमिलनाडु सरकार के अनुरोध पर, भारत सरकार (जीओआई) ने अक्टूबर 2024 में चेन्नई मेट्रो चरण-II परियोजना को अनुमोदित किया। केंद्र सरकार द्वारा चेन्नई मेट्रो चरण-II परियोजना की स्वीकृति के परिणामस्वरूप, तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार से चेन्नई मेट्रो चरण-II (राज्य क्षेत्र की परियोजना के रूप में, केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति लंबित) के लिए राज्य सरकार से लिए गए 9,500 करोड़ रुपये के ऋण के लिए बही समायोजन का अनुरोध किया है। यह ऋण चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड (सीएमआरएल) को दिया गया था, जो भारत सरकार और तमिलनाडु सरकार का 50:50 विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) है और चेन्नई मेट्रो चरण-II परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

(ख) भारत सरकार, चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड द्वारा निर्धारित आवश्यकता के आधार पर चेन्नई मेट्रो चरण-II परियोजना के लिए धनराशि जारी करती है, जो परियोजना की प्रगति पर

निर्भर है। चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2024 में स्वीकृति मिलने के बाद से चेन्नई मेट्रो चरण-II परियोजना के लिए 10,354.15 करोड़ रुपये की निधियाँ जारी की जा चुकी हैं। वर्तमान समय में, केंद्र सरकार के पास चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड को निधि जारी करने की कोई मांग लंबित नहीं है।

(ग) चेन्नई मेट्रो चरण-II परियोजना की भौतिक और वित्तीय प्रगति क्रमशः 48.99% और 48.57% है। पूनमल्ली से पोरूर तक के खंड सहित मेट्रो परियोजना के किसी भी खंड का संचालन, मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त की वैधानिक मंजूरी सहित निर्माण कार्य के पूर्ण होने पर निर्भर है।

****